# बच्चों को गोवर्धन पर लेटाकर मांगी सुख-समृद्धि

## जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व



**शाजापुर, 22 अक्टूबर. दीपावली के दूसरे दिन जिलेभर में गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ. लोगों में इस दिन खासा उत्साह देखा गया. इस दिन गाय के गोबर से जगह-जगह गोवर्धन बनाए गए तथा विधि विधान से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की गई.**

इधर, गवली समाज में भी इस पूजा का विशेष महत्व है. गवली समाज पशु पालक होने के साथ साथ गौमाता में गहरी आस्था रखते हैं. इस दिन शाजापुर में गाय के गोबर से गवली समाज की महिलाओं द्वारा गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजा की. छोटे-छोटे बच्चों को गाय के गोबर से बने गोवर्धन में लेटाया गया. मान्यता है कि ऐसा करने से वे वर्ष भर निरोगी रहते हैं, यह परंपरा गवली समाज द्वारा कई पीढ़ियों से निभाई जा रही है. विशेष बात यह है कि यह परंपरा धार्मिक लिहाज से तो महत्वपूर्ण तो है ही, साथ में इसमें प्रकृति के प्रति प्रेम का भी अनूठा उदाहरण मिलता है.



### विधायक ने की गोवर्धन पूजा

ग्राम टाण्डा बोर्डी की शासकीय गौशाला में आयोजित हुए गोवर्धन पूजा उत्सव में स्थानीय विधायक अरुण भीमावद, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारीगण शामिल हुए. गौशाला में सर्वप्रथम अतिथियों ने विधि विधान से गोवर्धन पूजा की. इसके बाद अतिथियों ने गायों का पूजन कर गौ ग्रास का सेवन कराया. इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष शरद शिवहरे, नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष संतोष जोशी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, आशीष नागर, हरिओम गोठी सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे.

### यह है मान्यता...

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ग्वाल वंश को भगवान इंद्रदेव के प्रकोप से बचने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन को अपनी उंगली से उठाया था. तब से ही गोवर्धन महाराज की पूजा ग्वाल वंशियों द्वारा की जाती है. ऐसी मान्यता है कि गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना करने से ग्वाल वंशियों के धन भंडार भरे रहते हैं और उन पर कोई विपदा नहीं आती है. इस परंपरा का निर्वाह आज भी गवली समाज द्वारा विधि विधान से निभाया जा रहा है. गोवर्धन पूजा के बाद गवली समाज के युवाओं ने समाज के दूध मुंह बच्चों को गोवर्धन में लेटाकर गोवर्धन महाराज का आशीर्वाद दिलवाया. इसके बाद सभी ग्वालवंशियों ने समाज के वरिष्ठजन एवं माताओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया.



### गोवर्धन पूजा में शामिल हुए मंत्री

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार आज ग्राम सेमली की श्री भागवद गौशाला में गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजा में शामिल हुए. गोवर्धन पूजा पं. कमल किशोर नागर द्वारा कराई गई. मंत्री परमार ने इस मौके पर गौ माता की पूजा कर गायों को गौ ग्रास, गुड़, पूड़ी का भोग कराया. साथ ही उन्होंने गौशाला में कार्यरत गौ सेवको का सम्मान भी किया. इस अवसर पर पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. प्रशांत महाडिक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी जय प्रकाश पंवार, पशु परिचारक राम नारायण सौराष्ट्रीय, गोसेवकों एवं ग्रामीणजनों सभी ने पूजन में भाग लिया.

### खीर-पूड़ी और छप्पन भोग का चढ़ावा

बुधवार को शाजापुर में गवली समाज ने हजारों वर्ष पुरानी परंपरा का निर्वहन किया. नई सड़क स्थिति गवली मोहल्ला में सुबह गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बनाकर खीर पूड़ी एवं 56 भोग चढ़ाकर गोवर्धन पूजा की. इसके बाद गोवर्धन में दूध मुंहे बच्चों को लेटाकर सुख समृद्धि की कामना की. शाजापुर गवली समाज द्वारा दीपावली की पड़वां पर वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए गोवर्धन पूजा की गई.



### अंचलों में हुई आतिशबाजी, पशुधन को पूजा

शुजालपुर, सुख-समृद्धि व उल्लास का महापर्व दीपावली क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है. बुधवार को ग्रामीण अंचलों में पड़वा के दिन दीपावली उत्सव मनाया गया. अंचलों में पड़वा के दिन पशुधन की पूजा की गई और जमकर आतिशबाजी भी हुई. ग्रामीणों द्वारा अपने पशुओं को आकर्षक रूप से श्रंगार का सजाया गया. कुछ स्थानों पर उनका प्रदर्शन भी किया गया. याद रहे कि पड़वां का पर्व दीपावली की अमावस्या के अगले दिन मनाया जाता है. साथ ही बुधवार को गोवर्धन पूजा की. इसके चलते सुबह महिलाओं ने घर के आंगन को गोबर से लीपकर गोवर्धन की आकृति बनाकर उसका पूजन किया. गुरुवार को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा.

## एक नजर में

### रंगों से उकेरी सालासर बालाजी की रंगोली



**मक्सी, 22 अक्टूबर.** दीपोत्सव पर मक्सी नगरवासियों ने अपने-अपने अंदाज में माता लक्ष्मी की अगवानी की. कहीं आकर्षक विद्युत सज्जा कर, तो कहीं मनमोहक रांगोलियां बनाकर दीपावली मनाई गई. नगर के नया बाजार क्षेत्र में गर्ग परिवार की बेटी डॉक्टर श्रुति मुकेश गर्ग द्वारा राजस्थान स्थित भगवान श्री सालासर बालाजी महाराज की आकृति घर के बाहर रंगबिरंगे रंगों से उकेरकर सुंदर रंगोली बनाई गई.



### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**शुजालपुर, 22 अक्टूबर.** मंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत फ्रीगंज के मोती मोहल्ला निवासी युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई. मंडी पुलिस ने सूचना के बाद युवक के शव का परीक्षण सिविल अस्पताल में करवाते हुए मर्ग कायम किया. मंडी थाने के प्रधान आरक्षक रंजीत भनेरिया ने बताया कि विजय मालवीय उम्र 50 वर्ष निवासी मोती मोहल्ला शुजालपुर को जहरीला पदार्थ के सेवन के बाद तबीयत बिगड़ने पर सिविल अस्पताल शुजालपुर उपचार के लिए लाया गया. जहां उसकी मृत्यु हो गई. पुलिस के अनुसार मृतक पहले ड्रायवर के रूप में काम करता था. शुजालपुर मंडी पुलिस ने मर्ग का मामला जांच में लिया है.

# पंजीकृत कृषकों के पटवारी हल्कावार भौतिक सत्यापन शीघ्र करें

## कलेक्टर ने भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा करते हुए दिए निर्देश



**शाजापुर, 22 अक्टूबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि तहसीलवार पंजीकृत कृषकों के पटवारी हल्का वार भौतिक सत्यापन शीघ्र पूरा कराएं.**

बैठक में अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, उप संचालक कृषि आरएल जामरे, मंडी सचिव सहित अन्य अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं मंडी सचिव वर्चुअल रूप से उपस्थित थे. कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश दिए कि शासन से प्राप्त निर्देश अनुसार समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें. मंडी स्तर पर आवश्यक संसाधन जैसे सीसीटीवी कैमरे की पावर बेकअप कम से कम एक माह की होनी चाहिए तथा हार्ड डिस्क में डाटा सुरक्षित रखा जाए. मंडियों में किसानों के बैठने एवं पानी की उचित व्यवस्था रखें. भावांतर भुगतान योजना के समस्त रिकार्ड का संधारण अलग से रखे. बैठक में उपसंचालक कृषि ने अवगत कराया कि है कि जिले में 17 अक्टूबर तक 69607 किसानों ने पंजीयन कराया है.

## आज तिलक लगाकर बहनें करेंगी भाई के यश की कामना

**शाजापुर, 22 अक्टूबर.** भारत देश की संस्कृति पर्व प्रधान है. पांच दिनी दीपावली, दशहरा, होली, रक्षाबंधन इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं. प्रेम बांटना भी हमारी संस्कृति का एक अहम हिस्सा है, जो भाई-बहन के भाईदूज पर्व पर देखने को मिलता है. इस दिन बहनें अपनी भाई की आरती उतारती हैं और उसके यश की कामना करती हैं, तो भाई भी अपनी बहन को प्रेम स्वरूप कोई न कोई भेंट जरूर देते हैं. गुरुवार को भी भाईदूज का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा. बताया जाता है कि शास्त्रों में भाईदूज पर्व को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं. बहन के घर भोजन करने से भाई को यम बाधा नहीं आती, बल्कि उसकी कीर्ति में वृद्धि ही होती है. इस दिन बहनें भाई का स्वागत कुमकुम और अक्षत से तिलक लगाकर करती हैं. आधुनिक युग में भी प्राचीन भारतीय संस्कृति के इस पर्व के प्रति लोगों की आस्था कम नहीं हुई है और सभी हिन्दू धर्मावलंबियों द्वारा भाईदूज पर्व को मनाया जाता है. गौरतलब है कि इस दिन बहनें अपने भाई की सुख-समृद्धि और लंबी आयु के लिए मंगल तिलक लगाकर कामना करेंगी.

## कलेक्टर ने मंडी का निरीक्षण किया



**शाजापुर, 22 अक्टूबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बुधवार को शाजापुर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि किसान को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो. किसानों के लिए बैठने एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखें. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि तुलावटी एवं हम्माल व्यवस्थित तरीके से तुलाई करें, किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसकी सतत निगरानी करें. उन्होंने कैमरे लगाने एवं भावांतर भुगतान योजना के समस्त रिकॉर्ड का संधारण रखने के निर्देश भी दिए. इस अवसर पर एसडीएम सुश्री मनीषा वास्कले, मंडी सचिव भगवान सिंह परिहार भी उपस्थित थे.

**ग्राम सेमली में नवीन ट्रांसफार्मर का किया शुभारंभ - शाजापुर,** उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार तथा पंडित कमल किशोर नागर ने ग्राम सेमली में 33/ 11 केव्ही उपकेन्द्र में एसएसटीडी योजना के अंतर्गत 30 लाख रुपए की लागत से स्थापित अतिरिक्त 3.15 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर का बटन दबाकर शुभारंभ किया. अधीक्षण एसएन वर्मा ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगाने से उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले सेमली, मुरादपुरा, लोंदिया, बांगली, पथरिया, चौसला मुसलमान, हरजितनगर, घुंशी, बद्दाखेड़ा, सिमरोल शु एवं घट्टयाखुर्द ग्रामों में निर्बाध विद्युत प्रदाय होकर एवं उक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से कृषकों को दोपहर में भी निरन्तर विद्युत प्रदाय होगा.

**एक नजर में** — दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम एवं वन विभाग की टीम द्वारा अब तक दो बार में कुल 79 कृष्ण मृगों को पकड़ा

# 34 कृष्ण मृगों को पकड़कर गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ा

**शाजापुर, 22 अक्टूबर. किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हिरणों को पकड़ने का अभियान सफल हो रहा है. दरअसल, दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम एवं वन विभाग की टीम द्वारा अब 34 कृष्ण मृगों को पकड़कर गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ा गया, वहीं अब तक टीम द्वारा कुल दो बार में कुल 79 कृष्ण मृगों को पकड़ा जा चुका है.**




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश और विशेष कर पश्चिम मध्य प्रदेश के राजस्व क्षेत्र में कृष्ण मृग एवं रोजड़ों के खेतों को नुकसान पहुंचाने की समस्या के निदान के रूप में दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम एवं वन विभाग की टीम द्वारा हेलीकॉप्टर और बोमा पद्धति से कृष्णमृगों को पकड़ने का अभियान शुरू किया गया है. बुधवार को शाजापुर जिले के किसानों के लिए विशेष दिवाली है.

**फसल नुकसानी में आएगी कमी**

दक्षिण अफ्रीका की टीम और उनकी तकनीक की मदद से काले हिरणों को हमने पहली बार मध्य प्रदेश में खेतों से पकड़कर जंगलों में ले जाकर छोड़ा जा रहा है. इससे किसानों को फसलों के नुकसान में कमी आएगी. इस तरह का ये देश में प्रथम अभियान है. यह अभियान अगले 15 दिवस तक शाजापुर जिले में चलाया जाएगा.

### देश में यह पहला अभियान

जिले के कालापीपल तहसील के ग्राम इमलीखेड़ा से 34 कृष्णमृगों को किसानों के खेतों से पकड़कर गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य के जंगल में छोड़ा गया. इससे किसानों को होने वाले फसल नुकसान में कमी आएगी. इस तरह का देश में ये प्रथम अभियान है. यह अभियान अगले 5 नवम्बर तक शाजापुर जिले में चलाया जाएगा. इस अभियान में मुख्य वन संरक्षक उज्जैन एमआर बघेल ने बोमा क्षेत्र में उपस्थित रहकर कृष्ण मृगों को पकड़ने की कार्यवाही की निगरानी एवं पर्यवेक्षण किया.